# विश्वभारती, शांतिनिकेतन
## राजभाषा प्रकोष्ठ

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक

पत्रांक : राभाकास / वि.भा.प्र. / 09 / 2019–20 /  दिनांक : 25.06.2019

*विषय : दिनांक 23.06.2019 को सम्पन्न राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक का कार्यवृत ।*

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 23.06.2019 को पूर्वाह्न 11:30 बजे राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती में आयोजित की गई। प्रो. रवीन्द्रनाथ मिश्र, अध्यक्ष, हिंदी–भवन, विश्वभारती ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची संलग्न है।

बैठक के आरंभ में अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित विभागों / कार्यालयों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। विश्वभारती के हिंदी विभागाध्यक्ष, प्रो. रवीन्द्रनाथ मिश्र ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर भारी चिंता व्यक्त करते हुए सभी विभागाध्यक्ष से अनुरोध किया कि समय पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा प्रकोष्ठ को भेजे जाएं ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। हिंदी अधिकारी ने विश्वभारती के कार्यालयों / विभागों आदि से तिमाही प्रगति रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं होने की बात कही। तिमाही प्रगति रिपोर्ट संबंधी विषय पर अध्यक्ष महोदय ने चिंता व्यक्त करते हुए इस विषय को गंभीरता से लिया। हिंदी अधिकारी के वक्तव्य से सहमत होकर अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा कार्यान्वयन की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए विश्वभारती के सभी विभाग / कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया कि वे राजभाषा प्रकोष्ठ को अपना पूरा सहयोग दें एवं राजभाषा प्रकोष्ठ से मांगे जानेवाले तिमाही प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं तभी राजभाषा प्रकोष्ठ राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को विश्वभारती में चल रहे राजभाषा के कार्य का सही आंकड़ा दे सकेगा।

**बैठक में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई / निर्णय लिए गए :–**

1. पिछली बैठक की पुष्टि – बैठक में उपस्थित कार्यालय अध्यक्ष ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णय की पुष्टि की।
2. अध्यक्ष महोदय ने हिंदी अधिकारी को निदेश किया कि सभी विभाग / कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया जाए।
3. भाषा भवन के उपाध्यक्ष, श्री रणवीर सुमेध भगवान ने सुझाव दिया कि एकदिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाए जिसमें कम्प्यूटर पर हिंदी टाइपिंग का अभ्यास कराए जाएं।
4. हिंदी अधिकारी द्वारा यह पुष्टि किया गया कि विश्वभारती के सभी कंप्यूटर में द्विभाषी सुविधा उपलब्ध कराया गया है। यदि विभाग / कार्यालय में नये कंप्यूटर लिए गए हैं / स्थापित किए गए हैं तो उसमें भी द्विभाषी सुविधा उपलब्ध करवाया जाए।

28.06.19

5. राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन – राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा विभागों को भेजे गए तिमाही रिपोर्ट के तहत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। अतः इससे संबंधित आंकड़े उपलब्ध नहीं है।

6. हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट का प्रेषण – राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती की ओर से प्रत्येक तिमाही में सभी विभागाध्यक्षों से तिमाही प्रगति रिपोर्ट मांगे जाते हैं पर रिपोर्ट प्राप्त नहीं होते हैं। इसके अलावा अनुस्मारक भी भेजे गए हैं, लेकिन इसके बावजूद अभी तक राजभाषा प्रकोष्ठ को किसी विभाग से तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

7. पत्राचार प्रतिशत – विभागों से रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के कारण पत्राचार प्रतिशत के आकड़े उपलब्ध नहीं है।

8. हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर – राजभाषा नियम के तहत यह प्रावधान है कि हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दें, अगर कोई कार्यालय हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में नहीं दे पा रहे हैं तो वह राजभाषा प्रकोष्ठ या राजभाषा में प्रवीणता प्राप्त कार्मिक से सहायता लेकर उसका जवाब हिंदी में देना सुनिश्चित करें।

9. वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा – इसके तहत विश्वभारती विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी में पत्राचार न्यूनतम 55 प्रतिशत होनी चाहिए। तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने के कारण इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाती है।

10. जाँच बिंदु – विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

11. हिंदी में कार्य – हिंदी प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिकों द्वारा हिंदी में कार्य करना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए नियम 8(4) के तहत व्यक्तिशः आदेश भी जारी किए गए हैं।

12. हिंदी अधिकारी ने कहा कि कई बार विभिन्न स्तर पर अत्यधिक विलंब हो जाता है। इससे समय सीमा के अंदर पत्रोत्तर देने एवं आवश्यक कार्यान्वयन में विलंब होता है। उन्होंने अनुरोध किया कि हर स्तर पर आवश्यक कार्यान्वयन में विलंब से बचा जाए।

13. बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने राजभाषा कैडर समीक्षा संबंधी विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए उचित कार्रवाई की आवश्यकता जताई।

बैठक का समापन श्री गोपाल कुमार, हिंदी अधिकारी, राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

28.06.19

सचिव राभाकास
विश्वभारती, शांतिनिकेतन

वितरण

1. समिति के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रधान।
2. उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व), कोलकाता।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची

| | |
|---|---|
| 1. प्रो. रवीन्द्रनाथ मिश्र<br>हिंदी विभागाध्यक्ष | हिंदी विभाग, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल :<br>मो. |
| 2. प्रो. विधान चंद्र राय<br>आर्थिक कृषि अनुसंधान केंद्र | विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल :<br>मो. 9476325125 |
| 3. श्री रणवीर सुमेध भगवान<br>उपाध्यक्ष, भाषा भवन | विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल :<br>मो. 9475849854 |
| 4. श्री शुभ्र ज्योति दत्ता | शिक्षा सत्र, विश्वभारती, शांतिनिकेतन<br>ई–मेल :<br>मो. 8900664128 |
| 5. डॉ. संजय कुमार दत्त | कंप्यूटर केंद्र, विश्वभारती<br>ई–मेल :<br>मो. 9430431377 |
| 6. श्री प्रसून कांति दास | कंप्यूटर केंद्र, विश्वभारती<br>ई–मेल :<br>मो. 9475474488 |
| 8. श्री गोपाल कुमार<br>हिंदी अधिकारी | राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती, शांतिनिकेतन |
| 9. श्री राजेश कु. साव<br>हिंदी अनुवादक | राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती, शांतिनिकेतन |
| 10. श्री विरेन्द्र कुमार<br>हिंदी टंकक | राजभाषा प्रकोष्ठ, विश्वभारती, शांतिनिकेतन |

28.06.19